जनपद हरदोई

प्रेस नोट- थाना कोतवाली शहर **दिनांक 23.08.2024**

थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 524/24 धारा 87/103(1)/238 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में-

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 22.08.2024 को वादी श्री रामसागर पाण्डेय पुत्र स्व0 जागेश्वर निवासी ग्राम विहगावां थाना बेहटा गोकुल, जनपद हरदोई ने कोतवाली शहर पर तहरीर दी कि दिनांक 19.08.2024 को अभियुक्त मणिकांत द्विवेदी पुत्र स्व0 शांतिस्वरूप निवासी शुगर मिल कॉलोनी, कोतवाली शहर, द्वारा वादी की 22 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। अभियुक्त वादी की पुत्री का रिश्तेदार (मौसा) है। इस संबंध में कोतवाली शहर पर मु0अ0सं0 524/24 धारा 87 बीएनएस बनाम उपरोक्त नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उपरोक्त अभियोग में धारा 103(1)/238 बीएनएस की वृद्धि की गयी।

कार्यवाही-

जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली शहर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त मणिकांत द्विवेदी की कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गंभीरता से तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम की सक्रियता को देखते हुए अभियुक्त स्वंय दिनांक 22/23.08.2024 की रात्रि में कोतवाली शहर उपस्थित आया। जिससे पूछताछ कर कोतवाली शहर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। अभियुक्त की निशादेही पर कोतवाली शहर/कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मृतका के शव को निर्माणाधीन मकान, कांशीराम कॉलोनी कोतवाली देहात क्षेत्र से बरामद कर शव का

नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है। वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ का विवरण-

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ अभियुक्त मणिकांत का वादी की पुत्री के मध्य 02 वर्ष से प्रेम-प्रसंग था। वादी की पुत्री की शादी दूसरी जगह तय हो गयी थी। इसी बात पर नाराज होकर अभियुक्त नें अपने प्लांट पर वादी की पुत्री का गला दबा दिया, जिस कारण उनकी मृत्यु हो गयी। मृत्यु उपरांत कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन मकान, कांशीराम कॉलोनी में शव को छुपा दिया था एवं पुलिस को भ्रमित करने हेतु मृतका का मोबाइल फोन को चलती हुई बस में डाल दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

मणिकांत द्विवेदी पुत्र स्व0 शांतिस्वरूप निवासी शुगर मिल कॉलोनी, कोतवाली शहर, हरदोई

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार, कोतवाली शहर हरदोई।
2.निरीक्षक हरीनाथ सिंह कोतवाली शहर हरदोई।
3.उ0नि0 अनिल कुमार कोतवाली शहर हरदोई।
4.उ0नि0 प्रिंस कुमार कोतवाली शहर हरदोई।
5.का0 अंचित शाहु कोतवाली शहर हरदोई।
6.का0 कौशल देव कोतवाली शहर हरदोई।